हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

05 अक्तूबर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा में अब तक 61 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।मुख्य सचिव ने 70 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की उम्मीद जताई।

- हरियाणा में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। 6 बजे तक मतदान केंद्र के अंदर पहुंचे मतदाता अभी अपना वोट डाल रहे हैं।

- हरियाणा में छूट पुट घटना को छोड़कर किसी गड़बड़ी की कोई खबर नहीं। मतदान निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुआ।

- हरियाणा में आज मतदान को लेकर युवाओं,बुजुर्गों और दिव्यांगों में खासा उत्साह देखा गया। 100 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों ने भी मतदान केंद्रों पर आकर वोट डाला।

*******************************************************

हरियाणा में शाम 5 बजे तक 61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।मेवात ज़िले में सर्वाधिक 68.28 प्रतिशत और गुरुग्राम ज़िले में सबसे कम 51.28 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। भिवानी में 63.06

प्रतिशत, फतेहाबाद में 67.05 ,हिसार में 64.16 और जींद में 66.02 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि कैथल में 62.53 ,रोहतक में 60.56 , कुरुक्षेत्र में 65 .55 , महेंद्रगढ़ में 65.76 ,पलवल में 67.69 और रेवाड़ी में 60.91 प्रतिशत वोट पड़े।इसके अलावा फ़रीदाबाद, को छोड़कर अंबाला, पंचकूला, पानीपत, सिरसा, सोनीपत और झज्जर में 5 बजे तक 55 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव TVSN प्रसाद ने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्गरवाल के साथ कुछ देर पहले मीडिया से बातचीत की। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के वोट प्रतिशत के आंकड़े रखते हुए कहा कि उनके पास मौजूद आकड़ों के अनुसार बावन दशमलव चार प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। जो की लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मतदान 70 प्रतिशत से अधिक हो सकता है

बाइट मुख्य सचिव

उन्होंने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण □ग से हुआ है और चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। ताकि मतदाता को मतदान में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बड़ी घटना नहीं हुई जिससे मतदान रुका हो और जो छूट पुट घटनाएं ही है पुलिस उनकी जाँच कर रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी का कोई मामला सामने नहीं आया हैं। हरियाणा में मतदान का समय 6 बजे समाप्त हो गया। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और लोगों ने कड़ी सुरक्षा के बीच निर्भय होकर मतदान किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जो मतदाता 6 बजे तक मतदान केंद्रों

के अंदर पहुँच चुके है और वोट के लिए कतार में लगे है उन्हें मतदान करने दिया जाएगा।

आज हुए मतदान पर हिसार से हमारे संवाददाता की रिपोर्ट

प्रदेश में मतदान के लिए 20 हज़ार 632 मतदान केंद्र बनाये गए थे। जिन पर जिन पर दो करोड़ तीन लाख चौवन हज़ार तीन सो पचास मतदाता पंजीकृत किए गए विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाता ने बताया है कि अभी भी बहुत से मतदाता केंद्रों के अंदर कतारें लगी हुई है। अब मतदान केंद्रों के अंदर जाने की मनाही है। जबकि जो लोग मतदान केंद्रों के अंदर है वे वोट डाल कर बाहर आ रहे हैं। बल्लबगढ़ से बीजेपी प्रत्याशी मूलचंद शर्मा और कैथल से कांग्रेस प्रत्याशी संतोष सारवान और कालका से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने भी लोकतंत्र के इस पर्व में मत देकर भागीदारी की। उचाना से कांग्रेस प्रत्याशी बृजेन्द्र सिंह और केंद्रीय मंत्री वीरेंदर सिंह ने अपने पैतृक गांव डूमरखा में मतदान किया। इसके अलावा भी सभी प्रत्याशियों,पूर्व मंत्रियों विश्व प्रसिद्ध खिलाडियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत किया।

*******************************************************

आज कई प्रमुख हस्तियों और सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला ने सिरसा के गांव चौटाला में ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा ने अपने गांव सांघी में ,और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्नल में मतदान किया जबकि कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने

नारायणगढ़ में वोट डाला। वहीँ कुरुक्षेत्र में नवीन जिंदल,सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र में वोट डाला। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी ओमप्रकाश तोशाम से बीजेपी प्रत्याशी श्रुति चौधरी ने भी मतदान किया। वहीँ तोशाम से कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी ने भी मतदान किया। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कुरुक्षेत्र के गांव मिर्ज़ापुर ,पानीपत से बीजेपी प्रत्याशी प्रमोद विज ने पानीपत में ,रेवाड़ी से बीजेपी प्रत्याशी ने रेवाड़ी में मतदान किया। इसी तरह पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र मोहन और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बीजेपी प्रत्याशी ज्ञान चाँद गुप्ता ने पंचकूला में, अजय सिंह चौटाला नैना चौइत्तला और दुष्यंत चौटाला ने सिरसा में मतदान किया।

*******************************************************

हरियाणा में आज मतदान को लेकर युवाओं,बुजुर्गों और दिव्यांगों में भी खासा उत्साह देखा गया।

जींद से हमारे संवाददाता राजेश रावल ने बताया है कि जुलाना में 100 वर्षीय श्यामो देवी ने मतदान किया और मतदान के बाद आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि उसे अपने वोट डाल कर बहुत प्रसन्नता हो रही है। जींद में 90 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग महिला ने अपना वोट डाल कर युवाओं को मतदान की प्रेरणा दी।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बहुत से बुजुर्गों ने मतदान केंद्रों पर आकर अपना वोट दिया। 80 वर्षीय राधेशाम ने नारायणगढ़ के बूथ नंबर 38 पर और 102 वर्षीय शीला देवी ने अपने पोते के साथ आकर बूथ नंबर 144 पर मतदान किया। नारायणगढ़ में

ही 90 वर्षीय इन्द्रपाल वर्मा ने 84 वर्षीय अपने भाई जगदीश चंदर वर्मा के साथ बूथ पर जाकर वोट डाला। कुरुक्षेत्र से हमारी संवाददाता ने 85 वर्षीय विद्या द्वारा बाल भवन स्कूल में बने मतदान केंद्र में जा कर वोट डालने की जानकारी दी है । हिसात में 79 वर्षीय एक बुजुर्ग ने वोट देने के बाद आकाशवाणी से बातचीत में कहा।

फरीदाबाद में पैरालंपिक खिलाड़ी कंचन लखानी ने मतदान किया

पहली बार मतदान करने आए युवाओं ने भी आकाशवाणी समाचार से बातचीत कर वोट डालने के बाद मिली खुशी का इजहार किया।
*****************************************************
रोहतक जिले के मदीना गांव में हरियाणा जनसेवक पार्टी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प होने की खबर है। रोहतक से हमारे संवाददाता दीपक खोखर ने बताया है कि जनसेवक पार्टी के उम्मीदवार बलराज कुंडू ने कांग्रेस उम्मीदवार बलराम दांगी के पिता पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी पर हाथापाई करने का आरोप लगाया है। हाथापाई तब हुई जब बलराज कुंडू मदीना गांव के बूथ नंबर 134 पर निरिक्षण के लिए गए हुए थे। इस बीच रोहतक के जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार व पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने मदीना गांव के बूथ का निरीक्षण किया है।

*****************************************************

हरियाणा में आज निष्पक्ष,शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों और अन्य स्थानों पर 29 हजार 462 पुलिसकर्मियों, 21 हजार 196 गृह रक्षकों तथा 10 हजार 403 एसपीओ की तैनाती की गई । इसके अलावा, 3 हजार 616 संवेदनशील तथा 145 अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही अर्धसैनिक बलों की 225 कंपनियां भी तैनात की गई ताकि लोग निडर होकर मतदान कर सकें।पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 191 अंतर्राज्यीय नाके लगाए गए तथा 201 नाके प्रदेश के भीतर भी लगाए गए। इसके साथ ही प्रदेश में 516 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 469 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 32 त्वरित कार्रवाई टीम बनाई गई। इसके इलावा 1156 पेट्रोलिंग पार्टी भी लगाई गई । पुलिस महा निदेशक ने कहा कि कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित की गई ।